## गुस्ताखी माफ



पहले ही बतला दिया, हो जायें तैयार।
पहले ही जब हो पता, झेली जाती मार।
झेली जाती मार, बढ़ाते अगर अचानक।
रुक जाता दिल वहीं, बंद कर देता धक-धक।
कह साहिल कविराय, बाद में दिल ना दहले।
महंगा होगा तेल, बता डाला है पहले।

- डॉ. राजेन्द्र साहिल

RNI NO PUNBIL/2014/59416

UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS




VOL: 11 | ISSUE 137 | THURSDAY 28-05-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com



Uturn Time 28 May 2026_Layout 2 27-05-2026 23:41 Page 2



# वॉर्ड 31 के विकास का पहिया 'राम भरोसे', कांग्रेसी बोले - हमारी सरकार आने पर ही होंगे काम, सत्ताधारियों का ध्यान नहीं, जनता बीच में लटकी

## जनता ने वोट डाल जिताए कांग्रेसी लीडर, अब बोले - हमारी सरकार न होने के कारण काम नहीं हो पाते

लुधियाना/यूटर्न/25 मई। लुधियाना में तकरीबन सभी वॉर्डों में विकास कार्य हो रहे हैं। लेकिन राजनीति की भेंट चढ़े वॉर्ड 31 के साथ सौतेलों जैसा व्यवहार हो रहा है। ढोलेवाल चौक के पास पड़ते इस वॉर्ड की विश्वकर्मा कॉलोनी की ज्यादातर गलियों में विकास कार्य नहीं हुए। अगर कहीं विकास कार्य हुए, तो वे हर अलग-अलग पार्टी नेताओं ने अपनी करीबियों की गलियों में करवाए।

इस वॉर्ड से कांग्रेस पार्टी की महिला पार्षद हरमनदीप कौर चहल जीती थी। लेकिन उनके पति सवरनदीप सिंह चहल का कहना है कि वे विपक्षी होने के कारण विकास कार्य नहीं करवा पा रहे हैं, जब सत्ता में उनकी कांग्रेस सरकार आएगी, तब वे काम करवाएंगे।

वहीं सत्ताधारी पार्टी के नेताओं का इस तरफ ध्यान नहीं है। जिसके नतीजे में गलियों में खड्डे पड़ चुके हैं, यहां तक विश्वकर्मा कॉलोनी की गली नंबर 13 तो अंदर धंसनी भी शुरू हो चुकी है। जबकि कई गलियों में चूहों ने बड़े होल करके घरों के अंदर तक सुरंग बना दी हैं। अगर यहीं हालात रहे तो किसी भी समय चूहें नींव खाली कर देंगें और घर गिरने की कगार पर आ जाएंगे।

इलाका निवासियों का कहना है कि इसके जिम्मेदार वॉर्ड लीडर होंगे। वहीं लोगों का कहना है कि उनकी तरफ से कई बार पार्षद को लिखित में शिकायत दी गई, लेकिन फिर भी सड़कें नहीं बनाई गई। हालांकि पार्षद पति सवरनदीप चहल विकास के लिए जाने जाते पूर्व विधायक सिमरजीत सिंह बैंस के सबसे करीबी नेताओं में से एक है। मगर फिर भी जनता की समस्या हल न होना बड़े सवाल खड़े करता है।



विश्वकर्मा कॉलोनी की गली नंबर 13 में चूहों ने अंदर से खोखली की सड़क



कई गलियाँ अंदर धसनी शुरू हो गई है।



गलियों में भर रहता है सीवरेज का गंदा पानी

### गलियों में भरा सीवर पानी, कई जगह धंसी

विश्वकर्मा कॉलोनी की गली नंबर 13 और आत्मा सब्जी वाली गली के लोगों का कहना है कि उनकी गली में हर समय सीवरेज का गंदा पानी भरा रहता है। सालों से समस्या बरकरार है। शिकायत करने पर सफाई कर्मी आकर सीवर में डंडा मारकर चले जाते हैं। बीमारियां पैदा हो रही है। 13 नंबर गली वासियों मुताबिक यह गली 15-20 साल पहले बनी थी, लीडर अभी भी इसे 5-7 साल चलाने की फिराक में लगे हैं। लेकिन गली कई जगह धंस भी चुकी है।

### करीबियों की गलियों में हो रहे विकास कार्य

चर्चा है कि जहां एक तरफ वॉर्ड में विकास के काम नहीं हो रहे। सड़कों पर कूड़ा बिखरा रहता है, वहीं दूसरी तरफ नेताओं के करीबियों की गलियों में हर तरह का विकास कार्य हो रहा है। फिर आम जनता के साथ दोहरी नीति क्यों। चर्चा है कि चुनाव लड़ने वाले जितने भी उम्मीदवार थे, सभी के ऑफिस पूरा दिन मात्र दो घंटे के लिए खुलते हैं, उस समय जिसने काम करवा लिया ठीक, नहीं तो अगली सुबह आना पड़ेगा। पानी की पाइपें भी करीबियों की गलियों में पड़ रही है।



### सरकार आने पर करवाएंगे काम

पार्षद पति व कांग्रेस नेता सवरनदीप सिंह चहल का कहना है कि उनकी पत्नी अभी सवा साल पहले ही पार्षद बने हैं। विधायक द्वारा बिना मतलब के सड़कें तोड़कर पाइपें डालनी शुरू कर दी गई है। हम विपक्ष में हैं, क्या करें, हमारा काम नहीं हो पाते। हमारी सरकार आने दीजिए, फिर काम करवाए जाएंगे।

### २०27 चुनाव के बाद लोगों को मिलेगी सुविधा

मामले संबंधी पार्षद पति सवरनदीप सिंह चहल का कहा कि उन्हें काम नहीं करने दिया जा रहा। उनकी सरकार आएगी, तो काम होंगे। यानि कि पंजाब विधानसभा चुनाव 2027 में हैं। उक्त चुनावों में अगर कांग्रेस जीती तो काम होंगे। जिसका मतलब है कि लोगों को अभी एक साल और समस्याएं झेलनी पड़ेगीं। सवरनदीप चहल मुताबिक 13 नंबर गली में इंटरलॉक टाइलें विधायक ने उखड़वा दी। जबकि वहां टाइलें नहीं सीमेंट वाली सड़क बनी है और न ही वे गली उखाड़ी गई है।

### *दूसरे वॉर्डों में विपक्षी कैसे करवा रहे काम*

*हालांकि वॉर्ड 31 वासियों का कहना है कि निगम चुनाव में शहर के कांग्रेस, भाजपा और अकाली दल के उम्मीदवार भी भारी संख्या में जीते थे। उनके वॉर्डों में तो विपक्षी होने के बावजूद धड़ल्ले से काम हो रहे हैं। फिर इस वॉर्ड में काम क्यों नहीं हो पा रहे। वॉर्ड वासियों का कहना है कि लीडरों को दूसरे वॉर्डों के लीडरों से सीख लेने की जरुरत है।*

### १० साल पुराने पाइप बदले, तो कसूरवार हुई जनता

वहीं विश्वकर्मा कॉलोनी वासियों का कहना है कि कई गलियां 15-20 साल पहले बनी, तब ही सीवरेज व पानी की पाइपें डाली। इतने साल बाद पाइपों में दिक्कत आने पर लोगों ने गलियां तोड़कर उन्हें बदलवाया। लेकिन अब कई लीडर यह बहाने लगा रहे हैं कि 15 साल पहले बनी गली थोड़े-बहुत गड्ढों के साथ अभी 5-7 साल और चल सकती थी। लेकिन लोगों ने पाइपें डालने को तोड़ी, तो जल्द खराब हो गई। यानि कि गलियां बनवाने की जगह नए बनाए लगाए जा रहे हैं।

### नेताओं के कारिंदें धड़ल्ले से करवा रहे काम

बेशक जनता के काम को लीडर मना कर देते हैं या टाल मटोल कर दी जाती है। लेकिन उनके खुद के कारिंदों के काम निगम में धड़ल्ले से होते हैं। इस वॉर्ड को निगम जोन-सी लगता है। जहां तकरीबन रोजाना ही नेताओं के कारिंदें अपने काम कराने पहुंचे होते हैं। कारिंदें टीएस-1, प्रॉपर्टी टैक्स, पानी टैक्स समेत अन्य कार्य करवाते आम देखे जाते हैं।

### चुनाव के समय बड़े दावे, खत्म होते ही भूले

चुनाव के समय बेशक राज्य की सत्ताधारी पार्टी हो या विपक्ष, लेकिन हर पार्टी उम्मीदवार वॉर्ड वासियों को विकास कार्य कराने के वादे करता है। चुनाव खत्म होते ही सभी वादे भूला दिए जाते हैं। ऐसे ही कुछ हालात वॉर्ड 31 की विश्वकर्मा कॉलोनी में देखने को मिल रहे हैं। चर्चा है कि साल 2024 में निगम चुनाव के समय हर पार्टी के उम्मीदवार ने विश्वकर्मा कॉलोनी की गलियां बनवाने का वादा किया था। लेकिन चुनाव खत्म होते ही जीतने और हारने वाले दोनों उम्मीदवार वादे भूल गए।

### जनता मांगे जवाब, बहानों से गुजारा करना मुश्किल

वहीं अब लीडरों द्वारा टेंडर पास न होने, फंड न मिलने समेत कई तरह के बहाने लगाए जा रहे हैं। लेकिन इलाका निवासियों का कहना है कि चुनाव के समय किए वादों का लीडरों को जवाब देना होगा, अब बहाने लगाकर बचा नहीं जा सकता। इलाका निवासियों का कहना है कि अगर विकास ही नहीं होना तो पद लेकर क्या करना है। अब अगर जनता ने जिम्मेदारी दी है, तो उसे पूरा करना भी लीडर का फर्ज है।

# किसानों का विरोध तेज: अब जीरकपुर में फूंका जाएगा विधायक का पुतला

डेराबस्सी/यूटर्न/27 मई। हलका डेराबस्सी के विधायक कुलजीत सिंह रंधावा की ओर से किसान नेताओं के खिलाफ कथित तौर पर की गई टिप्पणी को लेकर किसानों का विरोध लगातार तेज होता जा रहा है। इस मामले को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा और विभिन्न किसान संगठनों ने विरोध प्रदर्शन और आंदोलन तेज करने का ऐलान किया है।



किसान नेताओं के अनुसार 25 मई को डप्पर टोल प्लाजा पर विधायक का पुतला फूंककर विरोध जताया गया था। उस समय 28 मई को डेराबस्सी में दोबारा प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया था, लेकिन अब कार्यक्रम में बदलाव किया गया है।

किसान यूनियन कार्यालय में हुई बैठक के बाद निर्णय लिया गया कि अब 28 मई को सुबह 10 बजे नगर कौंसिल चौक (कोहिनूर ढाबा के पास) जीरकपुर में एकत्र होकर पटियाला चौक तक रोष मार्च निकाला जाएगा। इसके बाद विधायक का पुतला फूंककर विरोध दर्ज कराया जाएगा। किसान संगठनों ने किसानों, मजदूरों, विद्यार्थियों और इंसाफ पसंद लोगों से बड़ी संख्या में प्रदर्शन में शामिल होने की अपील की है। किसान नेताओं का कहना है कि लोकतंत्र में किसी भी वर्ग के खिलाफ अपमानजनक भाषा स्वीकार नहीं की जा सकती। इस दौरान किसान संगठनों ने केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू की ओर से पुलिस कर्मियों के खिलाफ कथित तौर पर इस्तेमाल की गई भाषा की भी निंदा की। संगठनों ने घोषणा की कि 28 मई के प्रदर्शन के दौरान उनका भी पुतला फूंककर विरोध जताया जाएगा। संयुक्त किसान मोर्चा, तहसील डेराबस्सी ने क्षेत्र के लोगों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की है।

RNI NO PUNBIL/2014/59416 UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

VOL: 11 | ISSUE 137 | THURSDAY 28-05-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

## पत्नी के चुनाव लड़ने पर इंस्पेक्टर का तबादला, हाईकोर्ट में सरकार ने बताई वजह

जीरकपुर/यूटर्न/27 मई। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान पंजाब सरकार ने स्पष्ट किया कि पुलिस इंस्पेक्टर मनफूल सिंह का तबादला उनकी पत्नी के नगर निगम चुनाव लड़ने के कारण किया गया था। सरकार ने अदालत को बताया कि इंस्पेक्टर के खिलाफ शिकायतें मिली थीं कि वह चुनाव के दौरान अपनी पत्नी के समर्थन में सक्रिय भूमिका निभा रहे थे, जिसके चलते उनका तबादला मोहाली जिले के एसएएस नगर (रूपनगर रेंज) से फाजिल्का (फिरोजपुर रेंज) कर दिया गया।

## लोग पहुंचे पर अधिकारी नहीं, सुबह 7:30 बजे सिविल सर्जन का दफ्तर मिला खाली



सिविल सर्जन का खाली पड़ा हुआ दफ्तर बाहर बैठे कर्मचारी









अधिकारियों के खाली पड़े दफ्तर जिसमें फूड ब्रांच के अलावा अन्य प्रोग्राम अफसर भी शामिल है



अस्पताल में खाली पड़े बिस्तर और उन पर बिछी गंदी चादरे



लुधियाना, यूटर्न 27 मई अशोक सहगल भीषण गर्मी को देखते हुए सरकार द्वारा सरकार की दफ्तरों का समय सुबह 7:30 बजे तो कर दिया गया है परंतु अधिकारी अभी इसके आदी नहीं हुए जबकि लोग अपने काम करवाने के लिए सुबह 7:30 बजे सरकारी दफ्तर में पहुंचने शुरू हो गए हैं इसी क्रम में आज सुबह सिविल सर्जन दफ्तर के अधिकांश अधिकारी व कर्मचारी गैर हाजिर पाए गए स्वयं सिविल सर्जन भी समय पर कार्यालय में उपस्थित नहीं थे जबकि सहायक सिविल सर्जन डॉक्टर कटारिया तथा ऑफिस सुपरीटेंडेंट संजीव भार्गव अपने कार्यालय में उपस्थित थे यहां तक की सिविल सर्जन कार्यालय के बाहर बैठने वाला स्टाफ भी समय पर पहुंच चुका था सिविल सर्जन दफ्तर का हाल जहां अधिकतर कर्मचारी बैठते हैं वह खाली पड़ा हुआ था इसके अलावा कई प्रोग्राम अफसर भी कार्यालय में नहीं पहुंचे थे जबकि कुछ लोग अपने कार्यो से संबंधित उनका इंतजार करते मिले सिविल सर्जन दफ्तर में स्थित मलेरिया ब्रांच भी खाली पड़ी थी आई मोबाइल की इंचार्ज डॉक्टर सीमा चोपड़ा 7 बजकर 35 मिनट पर कार्यालय में पहुंच गई लोगों का कहना था कि सरकार जनहित में कार्यालय का समय तो बदल दिया परंतु अधिकारियों के समय पर न पहुंचने के कारण उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है यहां कोई उनकी बात सुनने वाला नहीं है सिर्फ ऑफिस सुपरीटेंडेंट ने उन्हें कुछ देर रुकने को कहा और उन्हें सहायक सिविल सर्जन से मिलने के लिए भेज दिया। सिविल सर्जन कार्यालय के पीछे बना अस्पताल बंद पड़ा हुआ था वहां खाली बिस्तरों पर बिछी चादरे मरीजों के इंतजार में गंदी हो चुकी थी ऐसा लगता था कि उन्हें कई दिन से बदला नहीं किया। लोगों का कहना है कि सिविल सर्जन कार्यालय के अधिकारी इस अस्पताल को चलाने में असमर्थ दिखाई देते हैं जिसके चलते लोग भी यहां आने को तैयार नहीं है यहां डॉक्टर और स्टाफ की शॉर्टेज रहती है जिन कर्मचारियों या अधिकारियों की यहां तैनाती हैं वह भी कार्यालय का समय बदलने के कारण समय पर नहीं पहुंचे इस सिलसिले में उच्च अधिकारियों से संपर्क किया गया परंतु वह टिप्पणी के लिए उपलब्ध न हो सके।

## पूजा प्लाजियो में बड़ा हादसा टला, बेकाबू कार शोरूम में घुसी



जीरकपुर/यूटर्न/27 मई। शहर के पूजा प्लाजियो में मंगलवार शाम एक बड़ा हादसा उस समय टल गया, जब एक होंडा कार अचानक बेकाबू होकर जूते के शोरूम का शीशा तोड़ते हुए अंदर जा घुसी। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया और आसपास मौजूद लोग तुरंत घटनास्थल पर एकत्र हो गए। जानकारी के अनुसार महिला चालक अपनी कार को पार्किंग में लगाने का प्रयास कर रही थी। इसी दौरान अचानक कार पर से नियंत्रण बिगड़ गया और समय रहते ब्रेक न लग पाने के कारण गाड़ी सीधे शोरूम के कांच से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि शोरूम का मुख्य शीशा टूट गया और कार अंदर तक जा पहुंची। घटना के समय शोरूम के भीतर कर्मचारी और कुछ ग्राहक भी मौजूद थे, जिससे कुछ देर के लिए हड़कंप की स्थिति बन गई।

SUZUKI

SUZUKI'S EXCLUSIVE EXPERIENCE ZONE DEALERSHIP TO SET YOUR PULSE RACING.

SUZUKI EXPERIENCE ZONE

PLUTON SUZUKI



PLUTON SUZUKI
Pluton Wheels Pvt. Ltd.
B-20/3374, PLUTON WHEELS, Adjoining Ansal Plaza, Ferozepur Road, Gurdev Nagar, Ludhiana, Punjab, 141001
Mob: 9780259999

Scan to visit:

Experience Zone Showroom and Workshop is now open in Ludhiana, Punjab.

*T&C apply

Ride safe. Wear a helmet. | Prices of the vehicles are available on our website | Visit us at: www.suzukimotorcycle.co.in

/suzuki2wheelers /suzuki2wheelers /suzuki2wheelers /suzuki2wheelers

Specifications, appearances, equipments, colours, materials and other items of Suzuki product shown are subject to change by manufacturers at any time without notice and they may vary depending upon local conditions and requirements. Please visit your local dealer for details of any changes. Actual body colour may differ from the colours.

Please scan this QR code to visit our website

Uturn Time 28 May 2026_Layout 2 27-05-2026 23:41 Page 4



## राल्सन हाई फ्लायर्स अवार्ड्स : शिक्षा क्षेत्र की उपलब्धियों को मिला मंच

# ऐसे अवॉर्ड फंक्शन स्टूडेंट्स का बढ़ाते हैं हौंसला, यही बच्चे आगे जाकर देश की तरक्की में देगें योगदान – गुरदेब शर्मा देबी



















लुधियाना/यूटर्न/27 मई। यूटर्न टाइम अखबार और जनहितैषी न्यूज चैनल की और से सैकेंड हाई फ्लायर्स 2026 अवॉर्ड फंक्शन का आयोजन गुरु नानक देव भवन में किया गया। इस दौरान पंजाब बोर्ड, आईसीसी और सीबीएसई बोर्ड में टॉपर स्टूडेंट्स को सम्मानित किया गया। फंक्शन में शहर के अलग अलग स्कूलों को इनवाइट किया गया। इस दौरान 37 स्कूलों द्वारा अवॉर्ड फंक्शन में हिस्सा लिया गया। जिनके करीब 275 स्टूडेंट्स को सम्मानित किया गया। वहीं इसी के साथ 80 टीचर्स और 6 प्रिंसिपल को सम्मानित किया गया। स्टूडेंट्स के पेरेंट्स भी इस अहम पल का हिस्सा बने। इस दौरान गुरु नानक इंटरनेशनल स्कूल बीआरएस नगर, गुरु नानक इंटरनेशनल स्कूल सराभा नगर, कुंदन विद्या मंदिर सीनियर सैकेंडरी स्कूल सिविल लाइंस, एमजीएम पब्लिक स्कूल, पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल पुलिस लाइंस, आरएस मॉडल सीनियर सैकेंडरी स्कूल, रियान इंटरनेशनल स्कूल जमालपुर और रियान इंटरनेशनल स्कूल दुगरी के बच्चों को सम्मानित किया गया। वहीं शहर के सामाजिक और राजनीतिक आगूओं द्वारा भी समारोह में शिरकत की। भाजपा नेता गुरदेव शर्मा देबी और विधायक दलजीत सिंह ग्रेवाल भोला ने कहा कि पहली बार लुधियाना में इतना बड़ा उपराला हुआ कि एक साथ 37 स्कूलों के स्टूडेंट्स को सम्मानित किया गया। आज के समय में लुधियाना के बच्चे स्टडी में काफी इंटेलिजेंट हो चुके हैं। हिंदुस्तान को और बुलंदियों तक पहुंचाने के लिए शिक्षा की अहम जरुरत है। यह इंटेलिजेंट बच्चे ही आगे जाकर देश की तरक्की में योगदान देगें। ऐसे बेहतरीन कार्य आगे भी होने चाहिए, जिससे बच्चों का भी हौंसला और बढ़ता है। वहीं फंक्शन में शिरकत करने वालों में प्रमुख रुप से राज्यसभा मेंबर पंजाब सतनाम सिंह संधू, विधायक चौधरी मदन लाल बग्गा, दलजीत सिंह ग्रेवाल भोला, बीजेपी पंजाब के कैशियर गुरदेव शर्मा देबी, बिक्रम सिंह सिद्धू, पंजाब लोक सेवा आयोग के मेंबर सुनील कपूर समेत अलग अलग पार्टियों के कई सीनियर लीडर शामिल हुए। वहीं इस दौरान रॉल्सन के चेयरमैन संजीव पाहवा, रॉल्सन के वाइस प्रेजिडेंट करणजीत सिंह, सॉलिटियर होम्स के एमडी जश्नप्रीत सिंह, गुरमीत सिंह कुलार, अवतार सिंह भोगल, रिषी पाहवा, राहुल आहुजा, हिमांशु कवात्रा, केके गर्ग, मोंटीवेशनल स्पीकर अंजलि खुराना, अमन भाटिया, नोबल फाउंडेशन के संस्थापक राजिंद्र शर्मा, नवनीत जैरथ, वीके गोयल, बॉम्बे मैटल के सुनील विरमानी और गौरव विरमानी समेत उद्योग जगत के कई प्रमुख व्यक्ति शामिल हुए।

# जीरकपुर के ढाबे पर एक्साइज का छापा, शराब परोसते मैनेजर गिरफ्तार

जीरकपुर/यूटर्न/27 मई। जीरकपुर-पटियाला रोड स्थित एक ढाबे पर बीती रात एक्साइज विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से शराब परोसने के मामले का भंडाफोड़ किया। पटियाला चौक के नजदीक स्थित ढाबे पर नियमों की अनदेखी कर खुलेआम ग्राहकों को शराब परोसी जा रही थी। कार्रवाई के दौरान ढाबा मैनेजर को गिरफ्तार कर लिया गया और उसके खिलाफ एक्साइज एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जेल भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार सर्कल जीरकपुर के एक्साइज इंस्पेक्टर गुरप्रीत सिंह अपनी टीम और पुलिस बल के साथ पटियाला रोड क्षेत्र में नियमित चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान टीम ने संदिग्ध गतिविधियों के आधार पर ढाबे पर छापेमारी की।

जांच के दौरान टीम ने देखा कि ढाबे के अंदर टेबलों पर लोग खुलेआम शराब का सेवन कर रहे थे। मौके से दो अलग-अलग टेबलों से ह्यरॉयल स्टैगह्व ब्रांड की खुली शराब की बोतलें भी बरामद हुईं। जब एक्साइज अधिकारियों ने ढाबा मैनेजर अमीर खान से शराब परोसने संबंधी लाइसेंस या अन्य वैध दस्तावेज मांगे तो वह कोई भी अनुमति पत्र पेश नहीं कर पाया।

चंडीगढ़

यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

III गुरूवार, 28 मई 2026




पेज 12 सट्टेबाजी के पैसे की निकासी के लिए...

# ट्विशा शर्मा के केस में नया मोड़: पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट से खुलासा, मौत से पहले हुई हाथापाई से लगी थीं चोटें

चंडीगढ़/यूटर्न/27 मई। मध्य प्रदेश सरकार ने बुधवार को हाई कोर्ट को बताया कि एक्टर-मॉडल ट्विशा शर्मा के शरीर पर मिली चोटें एंटी-मॉर्टम (मौत से पहले की) थीं और उनकी मौत से पहले हुई किसी ‘हाथापाई या संघर्ष’ के दौरान लगी हो सकती हैं। साथ ही, सरकार ने यह भी आरोप लगाया कि दहेज हत्या के इस मामले में पूर्व जज गिरिबाला सिंह और उनके बेटे समर्थ सिंह ने ट्विशा के साथ क्रूरता की थी।

गिरिबाला सिंह की अग्रिम जमानत रद्द करने की याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान कोर्ट में पेश होते हुए, राज्य सरकार ने कहा कि ट्विशा को कथित तौर पर दहेज को लेकर ताने मारे जाते थे और उनसे कहा जाता था कि उनके परिवार ने शादी में जो रकम खर्च की थी, वह ‘काफी नहीं’ थी। बहस के दौरान सरकार ने ट्विशा की कलाई, कोहनी और सिर पर लगी चोटों का भी ज़िक्र किया।



## राज्य सरकार ने कोर्ट में दिया जवाब

जब कोर्ट ने पूछा कि क्या ये चोटें 'एंटी-मॉर्टम' थीं, तो राज्य सरकार ने इसका जवाब 'हाँ' में दिया और कहा कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में ऐसी चोटों का ज़िक्र है। राज्य सरकार ने आगे यह भी तर्क दिया कि ये चोटें मौत के बाद या जब ट्विशा के शव को नीचे उतारा जा रहा था, तब नहीं लगी हो सकतीं; सरकार ने कहा कि रिपोर्ट में इस संभावना को खारिज कर दिया गया है। राज्य सरकार के अनुसार, पोस्टमॉर्टम के नतीजों से यह संकेत मिलता है कि ये चोटें ट्विशा की मौत से पहले हुई किसी ‘हाथापाई या संघर्ष’ के दौरान लगी हो सकती हैं।

## बाप-बेटे ने की क्रूरता

मध्य प्रदेश सरकार ने यह भी आरोप लगाया कि गिरिबाला सिंह और उनके बेटे, दोनों ने ही ट्विशा के साथ क्रूरता की थी। जांच के दौरान जांची गई चैट्स का हवाला देते हुए, राज्य सरकार ने कहा कि ट्विशा की प्रेगनेंसी की वजह से परिवार के भीतर झगड़े शुरू हो गए थे और उनके खिलाफ बार-बार ‘गंभीर टिप्पणियां’ की जाती थीं।

## गिरिबाला ने नोटिस के बावजूद सहयोग नहीं किया

जब कोर्ट ने पूछा कि क्या ये आरोप पति, सास या दोनों के खिलाफ हैं, तो राज्य सरकार ने जवाब दिया कि दोनों ने ही उसके साथ क्रूरता की थी। सरकार ने गिरिबाला सिंह पर यह भी आरोप लगाया कि 13 और 14 मई को नोटिस दिए जाने के बावजूद उन्होंने जांच में सहयोग नहीं किया। सरकार ने कोर्ट को बताया कि जब पुलिस उनके घर गई, तो वह वहां नहीं मिलीं; सरकार ने आरोप लगाया कि वह जांच में शामिल नहीं हो रही हैं, लेकिन अपने पक्ष में कहानी गढ़ने के लिए उनके पास समय है।

# भाजपा पंजाब में नेतृत्व पर निर्णय; रवनीत बिट्टू बन सकते है चेहरा

चंडीगढ़/यूटर्न/27 मई। पंजाब भाजपा में नेतृत्व परिवर्तन को लेकर अटकलों का दौर तेज हो गया है। राजनीतिक गलियारों में केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू को लेकर चर्चाएं जोरों पर हैं। हालांकि, पार्टी सूत्र इस मामले में अभी खुलकर कुछ कहने से बच रहे हैं। रवनीत सिंह बिट्टू इस समय केंद्र सरकार में रेल तथा खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री हैं और राजस्थान से राज्यसभा सांसद भी हैं। भाजपा में शामिल होने के बाद से वे पंजाब में पार्टी के प्रमुख सिख चेहरों में उभरकर सामने आए हैं। यही कारण है कि पार्टी नेतृत्व उन्हें पंजाब में बड़ी जिम्मेदारी देने पर विचार कर रहा है। इन चर्चाओं को उस समय और बल मिला है जब भाजपा, शिरोमणि अकाली दल (शिअद) से अलग होने के बाद पंजाब में अपना स्वतंत्र जनाधार मजबूत करने की कोशिश कर रही है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि पार्टी अब अपने पारंपरिक शहरी वोट बैंक से आगे बढ़कर ग्रामीण और सिख समुदाय में भी अपनी पकड़ मजबूत करना चाहती है। इसी रणनीति के तहत एक प्रभावशाली सिख चेहरे को आगे लाने की कवायद चल रही है।



## अभी तक कोई बदलाव नहीं

पंजाब भाजपा का नेतृत्व पहले अश्वनी शर्मा और सुनील जाखड़ जैसे नेता संभाल चुके हैं। ऐसे में बिट्टू को लेकर चल रही चचाओं को पार्टी के व्यापक सामाजिक और राजनीतिक विस्तार की रणनीति के तौर पर देखा जा रहा है। हालांकि भाजपा नेताओं का कहना है कि पंजाब नेतृत्व को लेकर अभी तक कोई आधिकारिक फैसला नहीं हुआ है। फिलहाल प्रदेश संगठन मौजूदा ढांचे के तहत ही काम कर रहा है और केंद्रीय नेतृत्व सीधे तौर पर राज्य इकाई की निगरानी कर रहा है।

## भाजपा रणनीति पर काम कर रही

राजनीतिक जानकारों का मानना है कि भले ही अभी कोई औपचारिक घोषणा न हुई हो, लेकिन बिट्टू को लेकर चल रही चर्चाएं इस बात का संकेत हैं कि भाजपा पंजाब में 2027 विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए नई नेतृत्व रणनीति पर काम कर रही है। पंजाब में सिख वोट बैंक लगभग 55 से 60 प्रतिशत माना जाता है। ऐसे में पार्टी को लगता है कि किसी मजबूत सिख चेहरे के नेतृत्व में वह राज्य की जटिल राजनीतिक परिस्थितियों में बेहतर संतुलन बनाकर अपनी स्थिति मजबूत कर सकती है। रवनीत सिंह बिट्टू को इसी रणनीति के तहत एक प्रभावशाली और संतुलित चेहरे के रूप में देखा जा रहा है।

# चंडीगढ़ प्रशासन ने ऊर्जा दक्षता और सतत विकास पर आयोजित किया प्रशिक्षण कार्यक्रम

## एमजीएसआईपीए में हुए कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के 40 अधिकारियों ने लिया हिस्सा



चंडीगढ़/यूटर्न/27 मई। चंडीगढ़ प्रशासन के इंजीनियरिंग विभाग के अंतर्गत स्थापित ऊर्जा प्रबंधन प्रकोष्ठ (एसडीए) द्वारा महात्मा गांधी राज्य लोक प्रशासन संस्थान (एमजीएसआईपीए) के सहयोग से सेक्टर-26 स्थित एमजीएसआईपीए परिसर में ‘विद्युत क्षेत्र में ऊर्जा दक्षता’ विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में चंडीगढ़ पावर डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड, इंजीनियरिंग विभाग, नगर निगम तथा हाउसिंग बोर्ड के अधिकारियों ने सक्रिय भागीदारी की। प्रशिक्षण सत्रों में करीब 40 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों ने ऊर्जा संरक्षण, विद्युत क्षेत्र में ऊर्जा दक्षता, सतत ऊर्जा उपायों, नेट जीरो पहल और प्रभावी ऊर्जा प्रबंधन तकनीकों पर विस्तृत जानकारी दी। अधिकारियों को विभिन्न विभागों में ऊर्जा दक्ष और पर्यावरण अनुकूल कार्यप्रणालियों को अपनाने के लिए जागरूक किया गया। प्रशासन के अनुसार, इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य सरकारी विभागों में ऊर्जा संरक्षण को बढ़ावा देना और सतत विकास के प्रति क्षमता निर्माण को मजबूत करना है। चंडीगढ़ प्रशासन ने कहा कि यह पहल ऊर्जा दक्षता, पर्यावरणीय सततता और जिम्मेदार ऊर्जा प्रबंधन को बढ़ावा देने की दिशा में प्रशासन की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

# डिलीवरी बॉय की बाइक दिनदहाड़े चोरी, स्टोर के बाहर से ले उड़े चोर

जीरकपुर/यूटर्न/27 मई। शहर में लगातार बढ़ रही वाहन चोरी की घटनाओं के बीच एक और मामला सामने आया है। इस बार एक डिलीवरी बॉय की बाइक स्टोर के बाहर से दिनदहाड़े चोरी हो गई। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत के आधार पर अज्ञात व्यक्ति या व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दिए बयान में चरण दास निवासी बनूड़ ने बताया कि वह पिछले करीब दो वर्षों से जीरकपुर में डिलीवरी बॉय के तौर पर काम कर रहा है।



शिकायत के अनुसार 22 मई को वह रोजाना की तरह डिलीवरी का कार्य करने के लिए एक स्टोर पर पहुंचा था। चरण दास ने बताया कि उसने दोपहर करीब 3 बजे अपनी मोटरसाइकिल स्टोर के बाहर खड़ी की और अंदर ऑर्डर लेने चला गया। करीब आधे घंटे बाद जब वह वापस लौटा तो उसकी बाइक वहां नहीं थी। पहले उसे लगा कि शायद किसी ने वाहन दूसरी जगह खड़ा कर दिया होगा, लेकिन आसपास तलाश करने के बाद भी बाइक का कोई सुराग नहीं मिला। पीड़ित के अनुसार काफी खोजबीन के बाद उसे आशंका हुई कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसकी बाइक चोरी कर ली है।

Uturn Time 28 May 2026_Layout 2 27-05-2026 23:41 Page 6



# श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण करने से मन को मिलती है असीम शांति : राजेश जैन बॉबी











बाली/यूटर्न/27 मई। श्री भागवत सेवा परिवार की ओर से विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल बाली में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन कथा व्यास देवी चित्रलेखा जी ने भगवान वामन अवतार, दानवीर राजा बलि तथा श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का अत्यंत भावपूर्ण वर्णन किया। कथा के दौरान श्रद्धालु श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के अवसर पर भक्ति रस में डूब गए और पूरा पंडाल 'नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की' के जयघोष से गूंज उठा। कथा व्यास देवी चित्रलेखा ने अपने प्रवचन में कहा कि श्रीमद्भागवत कथा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि मानव जीवन को सत्य, भक्ति और संस्कारों से जोड़ने का दिव्य माध्यम है। उन्होंने बताया कि भगवान के विभिन्न अवतार हमें धर्म, सेवा और समर्पण का संदेश देते हैं। वामन अवतार और राजा बलि के प्रसंग से विनम्रता, त्याग और दान की भावना सीखने को मिलती है, वहीं श्रीकृष्ण जन्मोत्सव जीवन में प्रेम, आनंद और भक्ति का संचार करता है। इस अवसर पर पंजाब अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य राजेश जैन बॉबी ने कहा कि जो व्यक्ति श्रद्धा और विश्वास के साथ श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण करता है, उसके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आते हैं और मन को असीम शांति प्राप्त होती है। कथा के उपरांत श्रद्धालुओं ने उबुद मंकी फॉरेस्ट तथा तनाह लोट मंदिर का भी भ्रमण किया। यहां उन्होंने बाली की संस्कृति में भारतीय परंपराओं और धार्मिक मान्यताओं की स्पष्ट झलक देखी, जिससे सभी श्रद्धालु भावविभोर हो उठे।

## रूह से रूबरू





चारु नागपाल

### आज की युवा पीढ़ी अपने माता-पिता से इतनी नाराज क्यों रहती है?

आज के समय में अक्सर देखा जाता है कि युवा पीढ़ी अपने माता-पिता से नाराज रहती है। इसके पीछे कई सामाजिक और मानसिक कारण हैं। सबसे बड़ा कारण पीढ़ियों के बीच सोच का अंतर है। माता-पिता पुराने विचारों और अनुभवों के आधार पर बच्चों को सलाह देते हैं, जबकि आज के युवा आधुनिक सोच और स्वतंत्रता को अधिक महत्व देते हैं। जब उनकी इच्छाओं और फैसलों पर रोक लगाई जाती है, तो वे नाराज हो जाते हैं। दूसरा कारण पढ़ाई और करियर का दबाव है। माता-पिता अपने बच्चों से बड़ी उम्मीदें रखते हैं। कई बार बच्चे अपनी पसंद का क्षेत्र चुनना चाहते हैं, लेकिन माता-पिता उन्हें अपनी इच्छा के अनुसार चलाना चाहते हैं। इससे तनाव और दूरी बढ़ जाती है। मोबाइल और सोशल मीडिया ने भी इस समस्या को बढ़ाया है। युवा अधिक समय इंटरनेट पर बिताते हैं, जिससे परिवार के साथ बातचीत कम हो गई है। संवाद की कमी गलतफहमियों को जन्म देती है। हालाँकि, माता-पिता और बच्चों दोनों को एक-दूसरे की भावनाओं को

समझना चाहिए। प्यार, विश्वास और खुलकर बातचीत करने से यह नाराजगी कम हो सकती है और परिवार में सुख-शांति बनी रह सकती है।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ

**क्या शादी के बाद बने कर्ज (Loans) दोनों पर लागू होते हैं?**



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

वैवाहिक जीवन में home loan, personal loan, credit card dues और business liabilities जैसी आर्थिक जिम्मेदारियां आम होती हैं। लेकिन Divorce या विवाद के समय यह प्रश्न उठता है कि इन कर्जों की जिम्मेदारी किसकी होगी।

कानून में केवल शादी हो जाने से पति या पत्नी दूसरे के हर loan के लिए स्वतः जिम्मेदार नहीं बन जाते।

यदि loan केवल एक व्यक्ति के नाम पर लिया गया है और दूसरा पक्ष उसमें co-applicant, guarantor या joint borrower नहीं है, तो सामान्यतः liability उसी व्यक्ति की मानी जाती है। हालांकि, यदि दोनों ने मिलकर joint loan लिया है—जैसे home loan—तो दोनों की कानूनी जिम्मेदारी बन सकती है, चाहे बाद में वैवाहिक विवाद ही क्यों न हो जाए।

कुछ मामलों में अदालत यह भी देखती है कि loan परिवार की जरूरतों, बच्चों, या संयुक्त संपत्ति के लिए लिया गया था या नहीं। Credit cards और personal expenses के मामलों में भी ownership और usage महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कई लोग यह मान लेते हैं कि Divorce के बाद automatically सभी financial liabilities भी आधी-आधी बंट जाएंगी, जबकि वास्तविक स्थिति documents और agreements पर निर्भर करती है।

निष्कर्ष : शादी के बाद हर कर्ज दोनों की जिम्मेदारी नहीं बनता। Loan की liability इस बात पर निर्भर करती है कि वह किसके नाम पर लिया गया था और उसमें कानूनी रूप से कौन जुड़ा हुआ है।

# बलटाना में अवैध निर्माण का जाल, पार्किंग बिना खड़ी हो रहीं बहुमंजिला इमारतें

जीरकपुर/यूटर्न/27 मई। जीरकपुर का बलटाना इलाका इन दिनों अवैध निर्माण को लेकर चर्चा का केंद्र बना हुआ है। क्षेत्र में गलियों से लेकर मुख्य सड़कों तक लगातार बिना अनुमति और नियमों की अनदेखी कर इमारतें खड़ी की जा रही हैं। सबसे गंभीर स्थिति उन दुकानों और व्यावसायिक इमारतों की बताई जा रही है, जहां पार्किंग की कोई व्यवस्था नहीं छोड़ी गई।



इसके कारण सड़कें अतिक्रमण और जाम की समस्या से जूझ रही हैं, जबकि आम लोगों को रोजाना परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि बलटाना के कई हिस्सों में बिना नक्शा पास कराए चार-चार मंजिला इमारतें तैयार कर दी गई हैं। लोगों का कहना है कि नगर परिषद की ओर से नोटिस तो जारी किए जाते हैं, लेकिन कार्रवाई आगे नहीं बढ़ती।

नतीजतन निर्माण कार्य बिना किसी डर के जारी रहता है और इमारतें पूरी भी हो जाती हैं। लोगों का आरोप है कि पिछले एक महीने के दौरान कई बार शिकायतें नगर परिषद के ड्राफ्टमैन पुनीत सिंगला और अन्य अधिकारियों तक पहुंचाई गईं, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि जनगणना कार्य और अन्य व्यस्तताओं का हवाला देकर मामले को टाल दिया गया, जबकि इस दौरान निर्माण कार्य लगातार जारी रहा।





## डिलीवरी बॉय की बाइक दिनदहाड़े चोरी, स्टोर के बाहर से ले उड़े चोर

जीरकपुर/यूटर्न/27 मई। शहर में लगातार बढ़ रही वाहन चोरी की घटनाओं के बीच एक और मामला सामने आया है। इस बार एक डिलीवरी बॉय की बाइक स्टोर के बाहर से दिनदहाड़े चोरी हो गई। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत के आधार पर अज्ञात व्यक्ति या व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दिए बयान में चरण दास निवासी बनूड़ ने बताया कि वह पिछले करीब दो वर्षों से जीरकपुर में डिलीवरी बॉय के तौर पर काम कर रहा है। शिकायत के अनुसार 22 मई को वह रोजाना की तरह डिलीवरी का कार्य करने के लिए एक स्टोर पर पहुंचा था। चरण दास ने बताया कि उसने दोपहर करीब 3 बजे अपनी मोटरसाइकिल स्टोर के बाहर खड़ी की और अंदर ऑर्डर लेने चला गया। करीब आधे घंटे बाद जब वह वापस लौटा तो उसकी बाइक वहां नहीं थी। पहले उसे लगा कि शायद किसी ने वाहन दूसरी जगह खड़ा कर दिया होगा, लेकिन आसपास तलाश करने के बाद भी बाइक का कोई सुराग नहीं मिला। पीड़ित के अनुसार काफी खोजबीन के बाद उसे आशंका हुई कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसकी बाइक चोरी कर ली है। इसके बाद उसने 25 मई को थाना जीरकपुर पहुंचकर पुलिस को पूरे मामले की जानकारी दी।

## लुधियाना में 14 हजार रुपये रिश्वत लेता ए.एस.आई विजिलेंस द्वारा गिरफ्तार



मिलन

लुधियाना/यूटर्न/27 मई। विजिलेंस ब्यूरो रेंज लुधियाना ने थाना डिवीजन नंबर-8 में तैनात एएसआई हरदीप सिंह को 14 हजार रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ एफ.आई.आर दर्ज की गई है। जानकारी के अनुसार हैबोवाल कलां लुधियाना के रहने वाले शिकायतकर्ता राम ईश्वर ने शिकायत दी थी कि उसकी बेटी 18 मई को आईटीआई गर्ल्स कॉलेज घुमार मंडी में अपना परिणाम लेने गई थी, लेकिन देर शाम तक घर वापस नहीं लौटी। इसके बाद परिवार द्वारा तलाश करने पर भी उसका कोई पता नहीं चला। शिकायतकर्ता ने 19 मई को थाना डिवीजन नंबर-8 में गुमशुदगी संबंधी रिपोर्ट दर्ज करवाई। आरोप है कि मामले में कार्रवाई करने और एफआईआर की कॉपी देने के लिए एएसआई हरदीप सिंह ने 20 हजार रुपये रिश्वत की मांग की। शिकायतकर्ता से पहले 6 हजार रुपये लिए और फिर 14 हजार मांगे। शिकायतकर्ता ने विजिलेंस से संपर्क किया। विजिलेंस ने ट्रैप लगाकर आरोपी एएसआई को 14 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार कर लिया। मामले की जांच डीएसपी शिव चंद द्वारा की जा रही है।

### जनता निडर होकर विजिलेंस ब्यूरो से करे संपर्क - वरिंदर बराड़



एसएसपी विजिलेंस लुधियाना वरिंदर सिंह बराड़ ने बताया कि भ्रष्टाचार के खिलाफ विजिलेंस ब्यूरो की कार्रवाई लगातार जारी है और रिश्वतखोरी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने लोगों से अपील की कि यदि कोई सरकारी अधिकारी या कर्मचारी रिश्वत मांगता है तो इसकी सूचना तुरंत विजिलेंस ब्यूरो को दें, ताकि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा सके।

## रॉन्ग साइड ट्रैक्टर-ट्रॉली ने साइकिल सवार को कुचला, मौत



लुधियाना/यूटर्न/27 मई। शेरपुर चौक के पास रॉन्ग साइड से आ रही तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने साइकिल सवार को कुचल दिया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी ड्राइवर वाहन मौके पर छोड़कर फरार हो गया। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। वहीं मौके पर मौजूद लोगों ने आरोप लगाया कि उन्होंने सरकारी हेल्पलाइन पर एम्बुलेंस के लिए कॉल की। लेकिन पौना घंटा एम्बुलेंस नहीं पहुंची। जब प्राइवेट एम्बुलेंस आई तो तब तक व्यक्ति की मृत्यू हो चुकी थी। एएसआई जसविंदर सिंह ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि रॉन्ग साइड से आ रही ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में एक साइकिल सवार आ गया। जांच में सामने आया कि ट्रैक्टर-ट्रॉली बिना नंबर प्लेट के चल रही थी। पुलिस ने वाहन को कब्जे में लेकर फरार ड्राइवर की तलाश शुरू कर दी है। एएसआई ने कहा कि मामले में नियमानुसार सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## एमजीएम स्कूल में भाषा समर कैंप: सीख और मनोरंजन का अनोखा संगम






लुधियाना/यूटर्न/27 मई। शहर के एमजीएम स्कूल में आयोजित भाषा समर कैंप इन दिनों बच्चों के लिए ज्ञान और मनोरंजन का बेहतरीन मंच बना हुआ है। इस कैंप के तहत विद्यार्थियों को विभिन्न रचनात्मक और शैक्षणिक गतिविधियों के माध्यम से सीखने का अवसर मिल रहा है। कैंप में तीन प्रमुख गतिविधियां—बेसिक ग्रीटिंग एंड एक्सप्रेशंस, रोल प्ले और नॉलेज ऑफ हिस्ट्री—का आयोजन किया गया। बेसिक ग्रीटिंग और एक्सप्रेशंस के जरिए बच्चों ने दैनिक जीवन में प्रयोग होने वाले संवाद कौशल को सीखा, वहीं रोल प्ले गतिविधि में उन्होंने आत्मविश्वास के साथ अपनी अभिव्यक्ति प्रस्तुत की। नॉलेज ऑफ हिस्ट्री सत्र में विद्यार्थियों ने भारत की प्रमुख नदियों, पर्वतों और ऐतिहासिक स्मारकों के बारे में जानकारी हासिल की। इस दौरान बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपने ज्ञान को और समृद्ध किया। इसके अलावा ट्रेडिशनल डांस गतिविधि ने कैंप को और भी रंगीन बना दिया, जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी सांस्कृतिक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। स्कूल की प्रधानाचार्या श्रीमती रंजना कौशल ने बच्चों की सक्रिय भागीदारी और उत्साह की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। समर कैंप का माहौल पूरी तरह शिक्षाप्रद और आनंददायक बना हुआ है।



# स्वर्गीय गुरदीप सिंह ने अपनी मेहनत और अच्छे स्वभाव से समाज में बनाई विशिष्ट पहचान



लुधियाना/यूटर्न/27 मई। घुमार मंडी स्थित दीप स्टोर्स के मालिक स्वर्गीय श्री गुरदीप सिंह मक्कड़ ने 23 मई को अपनी सांसारिक यात्रा पूर्ण कर गुरु चरणों में स्थान प्राप्त किया। उनकी स्मृति में अंतिम अरदास 27 मई 2026 (बुधवार) को गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा, सराभा नगर में दोपहर 1 बजे से 2 बजे तक आयोजित की गई। इस अवसर पर शहर के धार्मिक, सामाजिक और राजनीतिक नेताओं ने उपस्थित होकर शोक संतप्त परिवार के साथ संवेदना व्यक्त की। परिवार के सदस्यों में उनके पुत्र गुरप्रीत सिंह और गुरमीत सिंह, पुत्री मनदीप कौर, दामाद परमदीप सिंह, पोते सुमितप्रीत सिंह, रणदीप सिंह, सिमरदीप सिंह, सनमीत सिंह, दोहते परमदीप सिंह, खुशलीन कौर तथा पड़पोते सबर सिंह ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। परिजनों ने बताया कि गुरदीप सिंह एक मेहनती, नेक दिल और सौम्य स्वभाव के व्यक्ति थे। उन्होंने अपनी लगन से अपने व्यवसाय को ऊंचाइयों तक पहुंचाया और समाज में एक सम्मानजनक स्थान बनाया। वे ईश्वर की इच्छा में विश्वास रखने वाले, खुशमिजाज और जरूरतमंदों की मदद के लिए सदैव तत्पर रहने वाले व्यक्ति थे। उनके पुत्र भी उनके पदचिन्हों पर चलते हुए व्यवसाय और समाज में योगदान दे रहे हैं।

# एससी ने देशव्यापी एसआईआर को सही ठहराया, कहा - चुनावी निष्पक्षता से समझौता नहीं किया जा सकता

चंडीगढ़/यूटर्न/27 मई। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को चुनावी सूचियों के विशेष गहन संशोधन (एसआईआर) को सही ठहराया। कोर्ट ने इसे भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) द्वारा स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों के संवैधानिक सिद्धांत को आगे बढ़ाने के लिए किया गया एक प्रयास माना।

भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की पीठ ने फैसला सुनाया कि संविधान के अनुच्छेद 324 और 'जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950' की धारा 21(3) के तहत किया गया एसआईआर, न तो चुनावी सूचियों को नियंत्रित करने वाले वैधानिक ढांचे के विपरीत था, और न ही ईसीआई द्वारा नागरिकता तय करने की शक्तियों का कोई अस्वीकार्य अतिक्रमण था।



## चुनावी सूचियों में काफी बदलाव हुए

फैसले के मुख्य हिस्से को पढ़ते हुए, सीजेआई कांत ने कहा कि एसआईआर इसलिए शुरू किया गया था क्योंकि जनसांख्यिकीय बदलावों, शहरीकरण और बड़े पैमाने पर प्रवासन के कारण चुनावी सूचियों में काफी बदलाव आ गए थे। इसका उद्देश्य चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता की रक्षा करना और स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करना था। कोर्ट ने कहा कि ईसीआई के पास इस तरह का विशेष अभियान चलाने का अधिकार था और यह संशोधन धारा 21(3) द्वारा निर्धारित सटीक वैधानिक सीमाओं के भीतर, अनुच्छेद 324 के तहत संवैधानिक जनादेश में नई जान डालता है।

## अभियान संवैधानिक सिद्धांत पूरा करता है

कोर्ट ने फैसला सुनाया कि यह अभियान आनुपातिकता के संवैधानिक सिद्धांत को पूरा करता है, और इसके कार्यान्वयन के दौरान लागू किए गए सुरक्षा उपायों ने कार्रवाई में निष्पक्षता सुनिश्चित की है। कोर्ट ने कहा, एक ऐसी प्रक्रिया जो शुरू में भले ही किसी को बाहर करने वाली प्रतीत हो, उसे उचित सुरक्षा उपायों के माध्यम से, कार्यान्वयन के स्तर पर संवैधानिक रूप से वैध बनाया जा सकता है।

## आयोग ने अपनी शक्तियों का उल्लंघन नहीं किया

पीठ ने कहा, हम इस बात से भी पूरी तरह संतुष्ट हैं कि एसआईआर के माध्यम से जिस उद्देश्य को प्राप्त करने की कोशिश की गई है, उसका स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों के संवैधानिक लक्ष्य के साथ सीधा संबंध है। पीठ ने आगे कहा कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव ₹मूल रूप से चुनावी सूचियों की निष्पक्षता, सटीकता और विश्वसनीयता पर निर्भर करते हैं। याचिकाकर्ताओं द्वारा उठाई गई मुख्य चुनौती को खारिज करते हुए, कोर्ट ने फैसला सुनाया कि एसआईआर अभियान ने 'जन प्रतिनिधित्व अधिनियम' और 'मतदाताओं के पंजीकरण नियम, 1960' के तहत मौजूदा वैधानिक ढांचे की जगह नहीं ली है। पीठ ने टिप्पणी की, विवादित एसआईआर, 'जन प्रतिनिधित्व अधिनियम' और नियमों की जगह नहीं लेता है... इसलिए, यह नहीं कहा जा सकता कि आयोग ने अपनी वैधानिक शक्तियों का उल्लंघन करते हुए काम किया है।

# राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने 'अटल संस्मरण' पुस्तक का किया विमोचन

## अटल बिहारी वाजपेयी की 'राष्ट्र प्रथम' भावना और लोकतांत्रिक मूल्यों को किया याद

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/27 मई। पंजाब के राज्यपाल एवं यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने मंगलवार को पंजाब लोक भवन में वरिष्ठ पत्रकार अशोक टंडन द्वारा लिखित पुस्तक 'अटल संस्मरण' का विमोचन किया। यह पुस्तक भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर लिखी गई है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने





अटल बिहारी वाजपेयी को दूरदर्शी राजनेता, आदर्श सांसद और सच्चे राष्ट्रवादी के रूप में याद किया। उन्होंने कहा कि अटल जी ने अपना पूरा जीवन मातृभूमि की सेवा के लिए समर्पित किया और हमेशा राजनीतिक हितों, व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाओं तथा सत्ता से ऊपर 'राष्ट्र प्रथम' की भावना को रखा। कटारिया ने कहा कि अटल जी में कम उम्र से ही अपने प्रभावशाली भाषणों और प्रेरणादायक कविताओं के माध्यम से लोगों से जुड़ने की अद्भुत क्षमता थी।

# 29 मई को सुबह 8 बजे शुरू होगी निकाय चुनावों की मतगणना

जीरकपुर/यूटर्न/27 मई। एसएएस नगर जिले में 26 मई को हुए स्थानीय निकाय चुनावों की मतगणना को लेकर प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। मतगणना 29 मई को सुबह 8 बजे शुरू होगी, जबकि 28 मई को सुबह 10 बजे सभी केंद्रों पर रिहर्सल करवाई जाएगी। डिप्टी कमिश्नर-कम-जिला चुनाव अधिकारी कोमल मित्तल ने बताया कि नगर निगम मोहाली और जिले की विभिन्न नगर परिषदों के लिए कुल आठ मतगणना केंद्र स्थापित किए गए हैं। सभी केंद्रों पर वीडियोग्राफी, कड़ी सुरक्षा और पारदर्शी व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। केवल अधिकृत व्यक्तियों को ही केंद्रों में प्रवेश की अनुमति होगी। जारी जानकारी अनुसार जीरकपुर की मतगणना कम्युनिटी सेंटर छत में होगी। बनूड़ की मतगणना मार्केट कमेटी कार्यालय बनूड़, कुराली की कम्युनिटी हॉल नगर परिषद कार्यालय, नयागांव की सेंचुरी पब्लिक स्कूल करौरां, डेराबस्सी की सरकारी कॉलेज और लालडू की सरकारी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में करवाई जाएगी।

# ज्ञान भारतम मिशन के तहत घर-घर सर्वे 28 मई से शुरू, सर्वेक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण



चंडीगढ़/यूटर्न/27 मई। चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा ज्ञान भारतम मिशन के अंतर्गत आयोजित किए जाने वाले घर-घर सर्वेक्षण अभियान की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस संबंध में मंगलवार को गवर्नमेंट म्यूजियम एंड आर्ट गैलरी, चंडीगढ़ में सर्वेक्षकों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला को संबोधित करते हुए उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने बताया कि यह सर्वे अभियान 28 मई से शुरू होकर 15 जून 2026 तक चलेगा। उन्होंने कहा कि इस पहल का उद्देश्य देश की समृद्ध पांडुलिपि विरासत को संरक्षित करना और आम लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करना है।

इससे पहले गवर्नमेंट म्यूजियम एंड आर्ट गैलरी की निदेशक ईशा कंबोज ने सर्वेक्षकों को मिशन के उद्देश्यों, महत्व और क्रियान्वयन रणनीति की विस्तृत जानकारी दी। प्रशिक्षण सत्र के दौरान घर-घर सर्वेक्षण की प्रक्रिया, डाटा संग्रह प्रणाली तथा पांडुलिपियों की पहचान और दस्तावेजीकरण में सर्वेक्षकों की भूमिका पर विशेष रूप से चर्चा की गई। ज्ञान भारतम मिशन भारत सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य देशभर में मौजूद ऐतिहासिक पांडुलिपियों और ज्ञान परंपराओं का डिजिटलीकरण, दस्तावेजीकरण और संरक्षण करना है। प्रशासन का मानना है कि इस अभियान के जरिए कई दुर्लभ पांडुलिपियों और ऐतिहासिक दस्तावेजों को संरक्षित करने में मदद मिलेगी।

# चंडीगढ़ में राशन कार्ड धारकों के घर पहुंचेंगे सिविल डिफेंस वालंटियर्स, मोबाइल आधारित सब्सिडी प्रक्रिया शुरू

## आधार से लिंक मोबाइल नंबर देना होगा अनिवार्य, प्रक्रिया पूरी न करने पर रुक सकती है सब्सिडी

चंडीगढ़/यूटर्न/27 मई। चंडीगढ़ प्रशासन ने शहरभर में राशन कार्ड लाभार्थियों के लिए खाद्य सब्सिडी को मोबाइल फोन आधारित प्रणाली से जोड़ने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके तहत सिविल डिफेंस वालंटियर्स को घर-घर जाकर लाभार्थियों का विवरण एकत्रित करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रशासन के अनुसार, वालंटियर्स राशन कार्ड धारकों से आवश्यक जानकारी, विशेष रूप से आधार कार्ड से लिंक मोबाइल नंबर, एकत्रित करेंगे ताकि पात्र लाभार्थियों को खाद्य सब्सिडी सीधे मोबाइल आधारित प्रणाली के माध्यम से उपलब्ध कराई जा सके।

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सभी राशन कार्ड लाभार्थियों के लिए यह प्रक्रिया पूरी करना अनिवार्य होगा। यदि कोई लाभार्थी आवश्यक दस्तावेज और जानकारी उपलब्ध नहीं करवाता है, तो भविष्य में उसे सब्सिडी राशि प्राप्त करने में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। चंडीगढ़ प्रशासन ने सभी राशन कार्ड धारकों से अपील की है कि घर-घर भ्रमण के दौरान सिविल डिफेंस वालंटियर्स का सहयोग करें और मांगी गई जानकारी व दस्तावेज समय पर उपलब्ध करवाएं, ताकि सब्सिडी प्रक्रिया बिना किसी बाधा के जारी रह सके।

Uturn Time 28 May 2026_Layout 2 27-05-2026 23:41 Page 9



# 18 किलोग्राम संदिग्ध पनीर नष्ट, फल पकाने वाले सेंटरों की भी जांच



अशोक सहगल

लुधिआना , यूटर्न 27 मई। फूड सेफ्टी टीम लुधियाना द्वारा सब्जी मंडी में बिक रहे खाद्य पदार्थों, विशेषकर पनीर और फलों की गुणवत्ता की गहन जांच के लिए आज एक विशेष अभियान चलाया गया। चेकिंग के दौरान फूड सेफ्टी टीम ने मंडी में लगी दुकानों और रेहड़ियों पर बिक रहे पनीर की जांच की। मौके पर कुछ पनीर संदिग्ध और निर्धारित मानकों के अनुरूप न पाए जाने पर पनीर का एक फूड सैंपल लेकर सरकारी प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजा गया। इसके साथ ही मौके पर मौजूद लगभग 18 किलोग्राम पनीर को तुरंत नष्ट करवा दिया गया। फूड सेफ्टी अधिकारियों ने मौके पर मौजूद पनीर विक्रेताओं को सख्त चेतावनी और जागरूकता संदेश देते हुए कहा कि वह गैर-मानक या संदिग्ध खाद्य पदार्थों की बिक्री तुरंत बंद करें। उन्हें यह भी आगाह किया गया कि भविष्य में इस प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड्स एक्ट के तहत सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## कृत्रिम तरीके से फल पकाने की प्रक्रिया की की जांच

इस अवसर पर फूड सेफ्टी विभाग ने बागवानी विभाग और पर्यावरण विभाग के साथ संयुक्त रूप से फलों को कृत्रिम तरीके से पकाने से संबंधित पपीता, आम और केले के रिपनिंग सेंटरों तथा स्टोरों की जांच की। चेकिंग के दौरान इथाइलीन गैस के माध्यम से पकाए जा रहे केले और अन्य फलों की मौके पर जांच की गई। टीम ने फल विक्रेताओं और स्टोर मालिकों को जागरूक करते हुए बताया कि गैर-अनुमोदित कैल्शियम कार्बाइड का उपयोग कर फलों को पकाना कानूनी रूप से प्रतिबंधित है और यह मानव स्वास्थ्य के लिए अत्यंत हानिकारक है। अधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि किसी व्यक्ति द्वारा ऐसे रसायनों का उपयोग किया गया तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर आशीष चावला ने बताया कि आज जांच के दौरान एकत्र किए गए सभी फूड सैंपल सरकारी प्रयोगशाला में विस्तृत जांच के लिए भेजे गए हैं।

## पहले से कटे फल न खाएं लोग

फूड सेफ्टी विभाग ने गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए सब्जियों और फलों की रेहड़ियां लगाने वाले विक्रेताओं से भी अपील की कि वे कटे हुए या पहले से कटे फलों की बिक्री न करें, क्योंकि इससे बैक्टीरिया और अन्य बीमारियों के फैलने का खतरा बढ़ जाता है। इसके साथ ही आम लोगों को भी जागरूक किया गया कि वे हमेशा ताजे, साफ-सुथरे और ढके हुए फल एवं खाद्य पदार्थ ही खरीदें। यदि किसी भी खाद्य पदार्थ की गुणवत्ता पर संदेह हो तो तुरंत फूड सेफ्टी विभाग को सूचित करें, ताकि लोगों की सेहत की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# अंडर-17 एसटीसी बीएसएफ डायमंड जुबिली चैंपियनशिप की चैंपियन टीम का सम्मान किया



दलजीत अज्नोहा

होशियारपुर/यूटर्न/27 मई। सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्मार्ट स्कूल पदी सूरा सिंह में प्रिंसिपल हरबिलास बगां, समूह स्टाफ और मीरी पीरी स्पोर्ट्स क्लब के सदस्यों ने बीएसएफ द्वारा आयोजित अंडर-17 एसटीसी बीएसएफ डायमंड जुबिली चैंपियनशिप की चैंपियन टीम का सम्मान किया। बीएसएफ द्वारा आयोजित फुटबॉल चैंपियनशिप अंडर-17 में चैंपियन रही फुटबॉल अकादमी पदी सूरा सिंह के खिलाड़ियों और कोचों का सम्मान किया गया। इस मौके पर प्रिंसिपल हरबिलास बगां ने टीम को बधाई देते हुए कहा कि स्वस्थ जीवन व्यतीत करने के लिए हर बच्चे को खेलों से जुड़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि खेलों के साथ-साथ खिलाड़ियों की पढ़ाई का भी पूरा ध्यान रखा जाएगा ताकि ये बच्चे पंजाब और देश की प्रगति में अपना योगदान दे सकें। जथेदार इकबाल सिंह खेड़ा ने अपने संबोधन में प्रिंसिपल और समूह स्टाफ को बधाई देते हुए कहा कि फुटबॉल अकादमी को ऊँचाइयों तक पहुँचाने के लिए मीरी पीरी स्पोर्ट्स क्लब की ओर से एनआरआई भाइयों के सहयोग से हर संभव सुविधा मुहैया करवाई जाती रहेगी।

इस अवसर पर सरपंच जर्नैल सिंह, इंदरजीत सिंह सलेमपुर, गुरकिरपाल सिंह खटकड़, बाबा हरजिंदर सिंह खालसा नंबरदार इकबाल सिंह, सुरजीत सिंह गिल, लेक मनोज कुमार, पंमा लेक, जसवीर सिंह लेक, राजकुमार सुनीता कुमारी , किरन बाला, सर्वजीत सिंह सहोता, कोच जैपाल डाँनसीवाल, नरिन्दर सिंह सहोता, अमरजीत सिंह जांगलियाणा, भाई रंजनोध सिंह नडालों, अमरीक सिंह पंच, राजविंदर सिंह पंच, केवल सिंह खालसा, जसकीरत सिंह पंच, परमजीत कौर, रजनी, अविनाश कौर, हरजीत सिंह, गुरुन्दिर सिंह, रूपिंदर कौर, सुनीता रानी, महिंदर कौर, प्रवीण भल्ला, सुखबीर सिंह, ऋषी कुमार, हरविंदर सिंह, सुरेखा, मनजीत सिंह, कुलदीप कौर, हरविंदर कौर, रजनी, राजदीप कौर, संदीप कौर, गरविंदर कौर, शिवानी, विनोद कुमार, विवेक धीमान, ममता रानी, निता रानी, प्रभा आदि उपस्थित थे।

## शादी के खाने के बाद 81 लोग हुए बीमार, अस्पतालों भर्ती, सेतह विभाग कर रहा जांच



पंजाब/यूटर्न/27 मई। संगरूर के मूनक में शादी समारोह में खाना खाने से फूड पॉइजनिंग होने से कई लोग बीमार हो गए। बीमार लोगों को संगरूर के सरकारी अस्पताल में दाखिल किया गया है, जबकि कुछ लोगों को निजी अस्पतालों में भी दाखिल किया गया। सेहत विभाग ने मूनक में शादी समारोह में परोसे गए खाने के सैंपल लेकर जांच के लिए भेज दिए। बताया जा रहा है कि शादी समारोह में जिसने भी खाना खाया अचानक उन्हें उल्टी दस्त होने लग गए और लोग अस्पताल जाने लगे। मामला तब सामने आया जब सरकारी अस्पताल में 81 लोग इलाज के लिए पहुंच गए। बीमार लोगों का कहना है कि कई लोग हरियाणा के प्राइवेट अस्पतालों में भी दाखिल हुए हैं। सूचना मिलने पर पूर्व मंत्री परमिंदर सिंह ढींडसा भी मौके पर पहुंचे। बाद में पंजाब सरकार के मंत्री बरिंदर गोयल भी मौके पर पहुंचे और उन्होंने बीमार लोगों का हालचाल जाना। लोगों ने बताया कि यह समागम मंगलवार दोपहर में एक धर्मशाला में था। जहां खाना खाने के बाद लोग बीमार हुए। कैबिनेट मंत्री एडवोकेट बरिंदर कुमार गोयल ने मामले को गंभीरता से लेते हुए सिविल सर्जन संगरूर, एसडीएम और अन्य अधिकारियों को तुरंत अस्पताल पहुंचकर मरीजों का सही इलाज कराने और हर तरह की सुविधाएं उपलब्ध कराने के सख्त दिशा-निर्देश दिए।

## बूथ स्तर पर संगठन मजबूत करने की तैयारी, विधायक रंधावा ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश



लालड़ू/यूटर्न/27 मई। आने वाले राजनीतिक समीकरणों और संगठनात्मक मजबूती को ध्यान में रखते हुए हलका विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने कार्यकर्ताओं के साथ विशेष बैठक कर बूथ स्तर तक पार्टी ढांचे को और मजबूत करने का संदेश दिया। बैठक में संगठन को जमीनी स्तर तक सक्रिय करने और कार्यकर्ताओं की भूमिका को और प्रभावी बनाने पर विशेष जोर दिया गया। ब्लॉक प्रधान गुरविंदर सिंह के क्षेत्र अंतर्गत आने वाले गांवों और वार्डों के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और स्थानीय नेताओं की मौजूदगी में हुई इस बैठक में पार्टी की भविष्य की रणनीति और जनसंपर्क अभियान पर चर्चा की गई। विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने कहा कि किसी भी संगठन की असली ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता होते हैं, जो जनता और पार्टी के बीच मजबूत कड़ी का काम करते हैं। उन्होंने कहा कि मजबूत संगठन ही पार्टी की वास्तविक शक्ति होता है और लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर कार्य करना चाहिए। साथ ही पार्टी की नीतियों और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने की जिम्मेदारी भी कार्यकर्ताओं की बताई। बैठक में गांव और वार्ड स्तर पर लगातार जनसंपर्क बनाए रखने, संगठन को अधिक सक्रिय करने और लोगों के मुद्दों को प्राथमिकता देने पर भी चर्चा हुई। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने अपने सुझाव रखे और संगठन को और प्रभावशाली बनाने को लेकर कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विचार साझा किए। बैठक में कार्यकर्ताओं को स्पष्ट संदेश दिया गया कि आने वाले समय में बूथ स्तर की सक्रियता ही संगठन की असली ताकत साबित होगी।

# 'नो व्हीकल बुधवार' बना पर्यावरण संरक्षण का संदेश, प्रशासक कटारिया समेत अफसरों ने छोड़ी सरकारी गाड़ियां

## साइकिल, इलेक्ट्रिक वाहन, सीटीयू बस और कारपूलिंग को बढ़ावा; प्रशासन ने नागरिकों से भी की पहल में जुड़ने की अपील

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/27 मई। चंडीगढ़ प्रशासन की ओर से शुरू की गई 'नो व्हीकल बुधवार' पहल अब शहर में पर्यावरण संरक्षण और ईंधन बचत का बड़ा संदेश बनती जा रही है। बुधवार को यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक एवं पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने स्वयं इस अभियान में हिस्सा लेते हुए सरकारी वाहन की बजाय इलेक्ट्रिक गोल्फ कार्ट का उपयोग किया। इस दौरान यूटी चंडीगढ़ के मुख्य सचिव एच. राजेश प्रसाद सहित प्रशासन के कई वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी पर्यावरण अनुकूल परिवहन साधनों को अपनाया। अधिकारियों ने साइकिल, इलेक्ट्रिक वाहनों, पैदल चलने, सीटीयू बसों और कारपूलिंग के जरिए अपने कार्यालयों तक पहुंचकर लोगों को सकारात्मक संदेश दिया।

प्रशासन के अनुसार, 'नो व्हीकल बुधवार' पहल का मुख्य उद्देश्य शहर में बढ़ते प्रदूषण को कम करना, ईंधन की बचत करना और लोगों को सतत एवं पर्यावरण अनुकूल परिवहन के प्रति जागरूक करना है। अधिकारियों का मानना है कि यदि सप्ताह में एक दिन भी लोग निजी वाहनों का कम इस्तेमाल करें, तो इससे प्रदूषण स्तर में कमी लाने में मदद मिल सकती है। प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे छोटी दूरी के लिए पैदल चलने, साइकिल का उपयोग करने और सार्वजनिक परिवहन को अपनाने की आदत विकसित करें। चंडीगढ़ प्रशासन का कहना है कि आने वाले समय में भी इस तरह की पहलों को जारी रखा जाएगा, ताकि शहर को स्वच्छ, हरित और प्रदूषण मुक्त बनाने के प्रयासों को मजबूती मिल सके।





# हल्लोमाजरा में सीवर व्यवस्था बदहाल, भाजपा नेता गणेश झा ने उठाई स्थायी समाधान की मांग

## बार-बार जाम हो रहे सीवर, बढ़ती आबादी के चलते पुराना सिस्टम पड़ा कमजोर



चंडीगढ़/यूटर्न/27 मई। चंडीगढ़ के वार्ड नंबर-20 के हल्लोमाजरा क्षेत्र में सीवर व्यवस्था की खराब स्थिति को लेकर भाजपा नेता गणेश झा ने प्रशासन से स्थायी समाधान की मांग उठाई है। उन्होंने कहा कि क्षेत्रवासी लंबे समय से सीवर जाम, गंदे पानी की निकासी और बदबू जैसी समस्याओं से परेशान हैं। गणेश झा ने कहा कि प्रशासन की ओर से नियमित रूप से सफाई कार्य कराया जा रहा है, लेकिन इसके बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पा रहा। उन्होंने जेई गुरप्रीत सिंह, सुपरवाइजर जय और उनकी टीम की सराहना करते हुए कहा कि कर्मचारी सुबह से देर शाम तक लगातार मेहनत करते हैं, लेकिन अगले ही दिन फिर वही स्थिति पैदा हो जाती है। उन्होंने कहा कि इससे स्पष्ट है कि समस्या कर्मचारियों की कार्यशैली नहीं, बल्कि क्षेत्र के पुराने और कमजोर सीवर सिस्टम की है। गणेश झा के अनुसार, हल्लोमाजरा में वर्षों पहले बिछाई गई सीवर लाइन उस समय की आबादी के हिसाब से बनाई गई थी, जबकि वर्तमान में आबादी कई गुना बढ़ चुकी है। इसके कारण पुरानी सीवर लाइनें लगातार दबाव में हैं और बार-बार जाम हो रही हैं। भाजपा नेता गणेश झा ने कहा कि मेयर, नगर निगम कमिश्नर और प्रशासनिक अधिकारी पहले भी क्षेत्र का दौरा कर चुके हैं, लेकिन अब केवल निरीक्षण नहीं बल्कि ठोस कार्रवाई की जरूरत है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि हल्लोमाजरा क्षेत्र की पूरी सीवर व्यवस्था को जल्द बदला जाए और आधुनिक क्षमता वाली नई सीवर लाइनें डाली जाएं, ताकि लोगों को स्थायी राहत मिल सके।

# जीरकपुर में आवारा कुत्तों पर काबू की तैयारी, 35 लाख के प्रोजेक्ट से 2000 कुत्तों की होगी नसबंदी

- दो माह में सिर्फ 225 नसबंदी, संसाधनों की कमी से धीमा पड़ा अभियान



जीरकपुर/यूटर्न/27 मई। शहर में लगातार बढ़ रही आवारा कुत्तों की समस्या से राहत दिलाने के लिए नगर परिषद जीरकपुर ने नसबंदी अभियान को तेज करने की योजना बनाई है। इसके तहत करीब 35 लाख रुपये का टेंडर एक संस्था को दिया गया है, जिसके माध्यम से एक वर्ष में 2000 आवारा कुत्तों की नसबंदी का लक्ष्य रखा गया है। हालांकि अभियान की मौजूदा रफ्तार लक्ष्य के मुकाबले काफी धीमी नजर आ रही है। पिछले दो महीनों में केवल 225 कुत्तों की नसबंदी हो सकी है। संस्था के प्रतिनिधि प्रदीप बजाज के अनुसार अभियान सीमित संसाधनों के कारण प्रभावित हो रहा है। फिलहाल केंद्र में केवल एक डॉक्टर सेवाएं दे रहा है, जबकि डॉक्टरों के लिए बनाए जा रहे वॉशरूम का निर्माण कार्य अधूरा है। इसके अलावा केंद्र परिसर में गंदगी की समस्या भी कार्य में बाधा बन रही है। उनका कहना है कि यदि मूलभूत सुविधाएं समय पर उपलब्ध करवाई जाएं तो अभियान की गति बढ़ाई जा सकती है और अधिक डॉक्टरों की नियुक्ति से रोजाना ज्यादा ऑपरेशन संभव होंगे।



### खरीदी डॉग एंबुलेंस, लेकिन सड़क पर नहीं उतरी

नगर परिषद ने लाखों रुपये खर्च कर डॉग एंबुलेंस तो खरीद ली है, लेकिन वाहन का नंबर जारी न होने के कारण उसे अभी तक सेवा में नहीं लगाया जा सका है। इसका उद्देश्य घायल और आवारा कुत्तों को सुरक्षित तरीके से पकड़कर उपचार व नसबंदी केंद्र तक पहुंचाना है, लेकिन प्रशासनिक प्रक्रियाओं की देरी के चलते यह सुविधा अभी शुरू नहीं हो पाई।

### क्या बोले अधिकारी

सेनेटरी इंस्पेक्टर रणजीत सिंह ने बताया कि डॉक्टरों के लिए बनाए जा रहे वॉशरूम का काम जल्द पूरा किया जाएगा, ताकि अभियान में किसी तरह की रुकावट न रहे। उन्होंने कहा कि नगर परिषद इस अभियान को गंभीरता से चला रही है और जल्द ही डॉग एंबुलेंस भी शुरू कर दी जाएगी। अधिकारियों का मानना है कि नसबंदी अभियान सफल होने पर शहर में आवारा कुत्तों की संख्या नियंत्रित होगी और लोगों को कुत्तों के हमलों जैसी समस्याओं से राहत मिलेगी।

# डिमोका क्लब विवाद में पुलिस की बड़ी कार्रवाई, दोनों पक्षों के 7 आरोपी गिरफ्तार

## क्लब में एंट्री को लेकर शुरू हुआ था विवाद, वाहनों और क्लब परिसर में हुई तोड़फोड़

अजीत झा

पंचकूला/यूटर्न/27 मई। पंचकूला के सेक्टर-5 स्थित डिमोका क्लब में एंट्री को लेकर हुए विवाद और उसके बाद हुई तोड़फोड़ के मामले में पंचकूला पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए दोनों पक्षों के सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। घटना 24 और 25 मई की दरमियानी रात की बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार सेक्टर-5 थाना पुलिस को 25 मई को शिकायत मिली थी। शिकायतकर्ता नारायण दत्त उर्फ नितीन अपने साथियों के साथ डिमोका क्लब पहुंचे थे, लेकिन क्लब में अधिक



भीड़ होने के कारण उन्हें एंट्री नहीं दी गई। इसी बात को लेकर वहां मौजूद बाउंसरों और युवकों के बीच कहासुनी और गाली-गलौज शुरू हो गई, जो बाद में हिंसक झड़प में बदल गई। पुलिस जांच में सामने आया कि क्लब के बाउंसरों द्वारा दो गाड़ियों में तोड़फोड़ की गई, जबकि दूसरे पक्ष ने भी गुस्से में क्लब परिसर में नुकसान पहुंचाया। मामले की गंभीरता को देखते हुए सेक्टर-5 थाना प्रभारी इंस्पेक्टर रुपेश चौधरी ने दोनों पक्षों को थाना बुलाकर कार्रवाई की। मामले की जांच सब इंस्पेक्टर यशपाल सिंह कर रहे हैं। पुलिस ने पहले पक्ष से मनीष उर्फ मनी, सुखविंद्र सिंह उर्फ सुखी, नारायण दत्त उर्फ नितीन और गौरव को गिरफ्तार किया है। वहीं दूसरे पक्ष से दौलत, ध्रुव और सिकंदर उर्फ मैंगी को गिरफ्तार किया गया है। मामले को लेकर डीसीपी पंचकूला सृष्टि गुप्ता ने कड़ा संदेश देते हुए कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर कानून व्यवस्था भंग करना, हुड़दंग मचाना और संपत्ति को नुकसान पहुंचाना किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने युवाओं से संयम और जिम्मेदारी के साथ व्यवहार करने की अपील करते हुए कहा कि भविष्य में ऐसी गतिविधियों में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# योगराज सिंह मामले में कोर्ट में सुनवाई, अदालत ने कहा - महिलाओं का अपमान बर्दाश्त नहीं

पंजाब/यूटर्न/27 मई। वेब सीरीज लुखे में महिलाओं के खिलाफ कथित आपत्तिजनक भाषा के इस्तेमाल के मामले में कोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान सेशन जज एच.एस. ग्रेवाल की अदालत ने कहा कि वीडियो क्लिप में इस्तेमाल की गई भाषा बेहद अशोभनीय, अपमानजनक और पूरे महिला वर्ग का अपमान करने वाली है। मामला सेक्टर-36 थाना में दर्ज एफआईआर नंबर-72 से जुड़ा है। इस मामले में शिकायतकर्ता एडवोकेट उज्जवल भसीन ने आरोप लगाया कि वीडियो में महिलाओं के लिए बेहद अपमानजनक और अश्लील शब्दों का इस्तेमाल किया गया है, जिससे पूरे समाज की भावनाएं आहत हुई हैं।



## स्क्रिप्ट के मुताबिक निभाया किरदार

योगराज की ओर से पेश वकीलों ने अदालत में दलील दी कि वह पूर्व भारतीय क्रिकेटर, पंजाबी अभिनेता और सार्वजनिक जीवन से जुड़े व्यक्ति हैं। उन्हें गलत तरीके से मामले में फंसाया गया है। बचाव पक्ष ने कहा कि वेब सीरीज की स्क्रिप्ट पहले से तैयार थी और उन्होंने केवल अभिनेता के तौर पर अपना किरदार निभाया। उनका किसी को ठेस पहुंचाने या महिलाओं का अपमान करने का कोई इरादा नहीं था। वकीलों ने यह भी कहा कि संविधान के अनुच्छेद 19(1)(ए) के तहत अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार प्राप्त है।

## अभिव्यक्ति की आजादी की भी सीमा होती है

अदालत ने बचाव पक्ष की दलीलों को स्वीकार नहीं किया। कोर्ट ने कहा कि यह जानना जरूरी है कि आपत्तिजनक शब्द किसने लिखे और समाज को इस हद तक आहत करने की अनुमति किसने दी। कोर्ट ने टिप्पणी की कि महिलाओं के खिलाफ इस्तेमाल की गई भाषा 'बेहद शर्मनाक, अपमानजनक और अश्लील' है। अदालत ने कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार महिलाओं की गरिमा और सम्मान को ठेस पहुंचाने की सीमा तक नहीं जा सकता। सेशन जज ने कहा कि मामले में अभी जांच पूरी नहीं हुई है और यह पता लगाया जाना बाकी है कि वेब सीरीज के कंटेंट को तैयार करने और रिलीज करने में कौन-कौन लोग शामिल थे।

# विदेश भागने की फिराक में पंजाब के 2 कुख्यात गैंगस्टर मुंबई एयरपोर्ट से गिरफ्तार, कई मामलों में वांटेड

पंजाब/यूटर्न/27 मई। संगठित अपराध और गैंगस्टरों के खिलाफ छेड़े गए अभियान में पंजाब पुलिस और मुंबई पुलिस के साझा प्रयासों से एक बहुत बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। पंजाब पुलिस को हत्या, फिरौती और अन्य कई संगीन मामलों में लंबे समय से वांछित दो बेहद खतरनाक गैंगस्टरों जसवंत सिंह उर्फ जस्सा और करन कीड़ा को मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट से गिरफ्तार कर लिया गया है। दोनों गैंगस्टर देश छोड़कर विदेश भागने की फिराक में थे। लेकिन ऐन मौके पर खुफिया इनपुट के आधार पर सुरक्षा एजेंसियों और मुंबई पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए उन्हें दबोच लिया। इस गिरफ्तारी को पंजाब में चल रहे गैंगवार और आपराधिक नेटवर्क की कमर तोड़ने की दिशा में एक बड़ी सफलता माना जा रहा है।



## हाई-प्रोफाइल मर्डर केस का मुख्य आरोपी है करन

दूसरा गिरफ्तार गैंगस्टर करन कीड़ा एक बेहद हाई-प्रोफाइल मर्डर केस का मुख्य आरोपी है। उसे एक प्रमुख अकाली पार्षद की दिनदहाड़े की गई हत्या के मामले में नामजद किया गया था। इस हत्याकांड को अंजाम देने के बाद से ही वह फरार चल रहा था। पुलिस से बचने के लिए उसने पंजाब छोड़ दिया था और मुंबई के रास्ते फर्जी दस्तावेजों या अन्य तरीकों से देश से बाहर भागने की योजना बना रहा था।

## गिरफ्तार गैंगस्टरों का खौफनाक आपराधिक इतिहास

पकड़े गए दोनों गैंगस्टरों का पंजाब में लंबा आपराधिक रिकॉर्ड रहा है जसवंत सिंह उर्फ जस्सा पुलिस सूत्रों के अनुसार, जसवंत सिंह उर्फ जस्सा का सीधा संबंध दविंदर बंबीहा गैंग से है। जस्सा पर पंजाब के विभिन्न थानों में हत्या के प्रयास, फिरौती मांगने और हथियार तस्करी जैसे कई गंभीर मामले दर्ज हैं। वह लंबे समय से पुलिस को चकमा दे रहा था और अंडरग्राउंड होकर गैंग की गतिविधियों को अंजाम दे रहा था।

# नीले ड्रम में मिली महिला की लाश, हत्या के बाद बॉडी पैक कर ढक्कन लगाया

पंजाब लुधियाना/यूटर्न/27 मई। पटियाला रेलवे कॉलोनी में मंगलवार को नीले ड्रम में एक युवक की लाश बरामद हुई है। युवती पटियाला के पंजाबी बाग की रहने वाली नेहा है। हालांकि, युवती की हत्या की वजह और कातिल के बारे में पुलिस अभी पता नहीं कर पाई है।

पटियाला में अर्बन एस्टेट थाने के एसएचओ इंस्पेक्टर गुरप्रीत सिंह ने बताया है कि नेहा संतलाल की बेटी थी। वह 3 दिनों से लापता थी, जिसकी सूचना परिजन ने थाना सिविल लाइंस में दी थी। वहां इन्होंने शिकायत देकर बयान दर्ज करवाया था।



अब लड़की के परिजन के साथ तालमेल कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

हत्यारों ने शव को ड्रम के अंदर ठूंसा और ऊपर लाल रंग का ढक्कन लगा दिया, ताकि किसी को शक न हो। युवती के एक हाथ परऱनेहा लिखा हुआ था, जबकि दूसरे हाथ पर दिल का टैटू था। इस टैटू के अंदर अंग्रेजी के अक्षर 'एन' और 'ए' गुदे हुए हैं। युवती के चेहरे पर खरोंच के निशान भी हैं। शव को राजिंदरा अस्पताल में रखवाया गया है।

## कचरा उठाने वाले ने डेडबॉडी देखी

पटियाला पुलिस के जांच अधिकारी गुरविंदर सिंह ने बताया है कि मंगलवार सुबह करीब सवा 5 बजे थाना अर्बन एस्टेट, पटियाला को टेलीफोन से एक सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना में बताया गया था कि डीसीडब्ल्यू पुल के पास कूड़े के ढेर पर एक ड्रम पड़ा है, जिसमें किसी इंसान की लाश दिखाई दे रही है। एएसआई गुरविंदर सिंह ने बताया कि कचरा उठाने वाले व्यक्ति ने ड्रम को खोलकर चेक किया तो उसमें डेडबॉडी मिली। उसी ने पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है।

# बाइक सवार बदमाशों ने दिनदहाड़े पेट्रोल पंप कर्मी को गोली मार की लूट

पंजाब/यूटर्न/27 मई। तरनतारन जिले में लूटपाट की घटनाओं में वृद्धि देखी जा रही है। इसका ताजा मामला अमृतसर-बठिंडा नेशनल हाईवे पर ठठियां महंता गांव स्थित एक पेट्रोल पंप पर सामने आया, जहां दो नकाबपोश लुटेरों ने बंदूक की नोक पर लगभग 10,000 रुपये लूट लिए। विरोध करने पर लुटेरों ने एक कर्मचारी के पैर में गोली मार दी, जिससे वह घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार, यह घटना दोपहर करीब 2.30 बजे श्री गुरु अमरदास जी फिलिंग स्टेशन पर हुई। मोटरसाइकिल पर आए दो लुटेरों ने पहले 500 रुपये का पेट्रोल भरवाया। जब कर्मचारी सुरजीत सिंह (निवासी चौधरीवाला) ने पेट्रोल के पैसे मांगे, तो उन्होंने पिस्तौल दिखाकर कैश की मांग की। कर्मचारी सुरजीत सिंह द्वारा पैसे देने से इनकार करने पर एक लुटेरे ने उसके पैर में गोली मार दी। घटना को अंजाम देने के बाद, दोनों नकाबपोश लुटेरों ने सुरजीत सिंह और उसके साथी हरजीत सिंह से करीब 10,000 रुपये नकद लूटे और मौके से फरार हो गए।



# दीपिका का सिंपल लुक बना चर्चा का विषय!




बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण का यह लेटेस्ट लुक सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। सिंपल व्हाइट ड्रेस और कैजुअल स्टाइल में भी उनका ग्लैमरस अंदाज फैंस का दिल जीत रहा है।

नो-फिल्टर ब्यूटी और कॉन्फिडेंस से भरी इस तस्वीर ने एक बार फिर उनके स्टाइल स्टेटमेंट को साबित किया है।

फैंस कमेंट्स में उनकी जमकर तारीफ कर रहे हैं और लुक को 'एलेगेंट एंड क्लासी' बता रहे हैं। लगता है दीपिका हर अंदाज में परफेक्शन की मिसाल बनती जा रही हैं।

# सट्टेबाजी के पैसे की निकासी के लिए होटल इंडस्ट्री बन रही गेटवे ?

लुधियाना/यूटर्न/27 मई। लुधियाना समेत पूरे देश में सट्टेबाजी का कारोबार पूरे जोरो पर हैं। बैटिंग, गेमिंग और मैच फिक्सिंग के जरिए सट्टेबाजों द्वारा रोजाना ही करोड़ों रुपए कमाए जा रहे हैं। पिछले कुछ समय के दौरान लुधियाना में इसका चलन काफी तेजी से बढ़ा है। सट्टेबाजों जिन्हें लोग बुकी भी कहते हैं, उनके द्वारा सारा पैसा डिजीटल मनी के रुप में कमाया जाता है। चचाएं हैं कि इस डिजीटल मनी को कैश और पक्के में कनवर्ट करने के लिए होटल इंडस्ट्री का सहारा लिया जा रहा है। चर्चा है कि सट्टेबाजों की और से शहर के अलग-अलग होटल मालिकों के साथ संपर्क करके उनके जरिए अपनी ब्लैकमनी को व्हाइट किया जा रहा है। जिसमें धड़ल्ले से फर्जी बिल बुकिंग भी होती है। इसकी एवज में होटल मालिकों को बढ़िया परसेंटेज भी मिलती है। चर्चा है कि इसी के चलते आज कल होटल इंडस्ट्री बुकियों की ब्लैकमनी का गेटवे बन रही है। लुधियाना में यह कारोबार पिक पर चल रहा है। इसी के चलते शहर में धड़ल्ले से एक के बाद एक होटल खोल रहे हैं।




## डिजीटल मनी होती है कनवर्ट

चर्चा है कि बुकियों द्वारा जितना भी ब्लैकमनी कमाई जाती है, वह डिजीटल रुप में कमाते हैं। जिसे बाद में कैश करके अपनी जेब तक लाना होता है। इस प्रोसेस के लिए बुकियों द्वारा सेफ रास्ता ढूंढा जाता है। जिसके चलते उनकी तरफ से अब होटल मालिकों के जरिए अपने कारोबार को आगे बढ़ाया जा रहा है। हालांकि शहर के कई होटल मालिक ईमानदार भी है। लेकिन कुछ बेईमानों के कारण सभी बदनाम हो रहे हैं।

## धड़ल्ले से खुल रहे होटल

चर्चा है कि इस कारोबार में 1-2 नहीं बल्कि सैकड़ों होटल लगे हुए हैं। इसी के चलते शहर में धड़ल्ले से होटल खुल रहे हैं। कई तो ऐसी जगह होटल खुल रहे हैं, जहां ग्राहक आना भी मुश्किल है। ब्लैक एंड व्हाइट कारोबार में शामिल होटलों में ग्राहक न आने के बावजूद वे प्रॉफिट में रहते है और चल भी रहे हैं। असलियत में होटल खाली रहते हैं, लेकिन कागजों में बुकिंग फूल होती है। इसी के चलते आज कल लोग द्वारा होटल लाइन में फोक्स कर रहे हैं।

## ऐसे होती है ब्लैकमनी व्हाइट

चर्चा है कि सट्टेबाजों द्वारा पहले होटल मालिकों से सेटिंग की जाती है। जिसके बाद सट्टेबाजों द्वारा होटल के सभी कमरों की 1-1 घंटे के हिसाब से ऑनलाइन बुकिंग करवाई जाती थी। ऐसे मामलों में होटल मालिक रूम रेंट भी 5-7 गुना ज्यादा बताता है। यह बुकिंग अलग अलग नामों से होती है। इसके लिए अलग अलग आईडी कार्ड भी तैयार किए जाते हैं। होटल मालिक इस बुकिंग को पक्के तौर पर अपने रजिस्टर में दर्ज करता है। सट्टेबाजों द्वारा अपना डिजीटल पैसा बुकिंग की एवज में होटल मालिकों को ट्रांसफर किया जाता है। होटल मालिक इस पैसे को इकनम टैक्स रिटर्न में भी शो करता है और बकायदा इसका बनता टैक्स भी सरकार को अदा करता है, ताकि मामला पूरी तरह लीगल रहे। बाद में होटल मालिक अपना हिस्सा रखकर बाकी पैसा सट्टेबाजों को वापिस कर देता है।

## लग्जरी होटल पर फोक्स, होटल बुकिंग एप में भी बढ़ोतरी

चर्चा है कि सट्टेबाजों द्वारा लग्जरी होटल और होटल चेन वाली कंपनी पर फोक्स किया जाता है। इसी के चलते आज कल 2 लाख रुपए प्रति दिन रेंट वाले होटल की बुकिंग भी फूल रहती है और प्रॉफिट में चलते भी हैं। जनता ने यह नोटिस भी किया है कि पिछले कुछ समय के दौरान होटल बुकिंग एप में भी तेजी से बढ़ोतरी हुई है। सोशल मीडिया के अलग अलग प्लेटफॉर्म पर रोजाना होटल बुकिंग एप की एड जरुर आती है। जिसका अहम कारण सट्टे का काला कारोबार है।

## हीरा सचदेवा भी यूएसडीटी का करता है इस्तेमाल

बता दें कि ईडी द्वारा कुछ दिन पहले धागा कारोबारी हीरा सचदेवा पर रेड की गई थी। उन पर गेमिंग एप का पैसा इधर मैनेज करने के आरोप है। चर्चा है कि हीरा सचदेवा द्वारा भी गेमिंग का पैसा यूएसडीटी में ट्रांसफर कराया जाता था। जिसके बाद उसे आगे अलग अलग नेटवर्क के जरिए भारत लाया जाता था यह चैनल फास्ट और भारी अमाउंट के लिए काफी फायदेमंद है। इसी लिए हीरा सचदेवा ही नहीं बल्कि दुनिया के 90 प्रतिशत हेरफेर करने वाले लोग इसी का इस्तेमाल करते हैं।



## वी-ट्रेड एप मालिक भी कई जगह करता था इन्वेस्टमेंट

पुलिस द्वारा फिरोजगांधी मार्केट से हैबोवाल की बावा कॉलोनी के अनिल जैन, हैबोवाल के लक्ष्मी नगर के सनी कुमार और अहमदगढ़ के करमजीत कौर को गिरफ्तार किया था। जिनकी और से वी-ट्रेड एप के जरिए लोगों से करोड़ों रुपए की ठगी की गई थी। उनकी गिरफ्तारी के बाद पता चला था कि आरोपियों द्वारा वी ट्रेड के जरिए लोगों से ठगी किया पैसा अलग अलग जगह पर इन्वेस्ट किया जाता था। जिसके बाद उसे एक नंबर में अपना बनाने को कई तरह के चैनल का प्रयोग किया जाता था।

# कालका में दहेज प्रताड़ना से तंग विवाहिता ने की आत्महत्या, आरोपी पति गिरफ्तार

**शादी के पांच साल बाद सामने आया मामला, पुलिस ने आरोपी को भेजा न्यायिक हिरासत में**

अजीत झा

पंचकूला/यूटर्न/27 मई। कालका में दहेज प्रताड़ना से परेशान होकर एक विवाहिता द्वारा आत्महत्या करने के मामले में पंचकूला पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मृतका के पति को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को अदालत में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार, 13 मई 2026 को थाना कालका पुलिस को सूचना मिली थी कि कालका स्थित एक मकान में महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की।



मृतका के भाई ने पुलिस को शिकायत देकर आरोप लगाया कि शादी के कुछ समय बाद से ही ससुराल पक्ष द्वारा दहेज की मांग को लेकर उसकी बहन को लगातार मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था। शिकायत के आधार पर थाना कालका में भारतीय न्याय संहिता की धारा-80 के तहत मामला दर्ज किया गया। मामले की जांच थाना प्रभारी इंस्पेक्टर मनसा राम के नेतृत्व में एएसआई प्रवीन कुमार द्वारा की जा रही है। जांच के दौरान पुलिस ने मृतका के माता-पिता और अन्य परिजनों के बयान भी दर्ज किए।

डीसीपी पंचकूला सृष्टि गुप्ता ने बताया कि जांच के दौरान आरोपी पति को 26 मई को गिरफ्तार किया गया। आरोपी को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि मामले के अन्य पहलुओं और आरोपों की जांच अभी जारी है तथा जो भी दोषी पाया जाएगा उसके खिलाफ कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# आईपीओ ट्रेडिंग के नाम पर 1.37 करोड़ की साइबर ठगी, ग्यारहवां आरोपी गिरफ्तार

**फ्रॉड के 2 लाख रुपये आरोपी के खाते में मिले, पुलिस रिमांड पर चल रही पूछताछ**

अजीत झा

पंचकूला/यूटर्न/27 मई। पंचकूला पुलिस की साइबर क्राइम थाना टीम ने आईपीओ ट्रेडिंग के नाम पर 1.37 करोड़ रुपये की साइबर ठगी के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए ग्यारहवें आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान आशीष कुमार निवासी फतेहगढ़, उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। पुलिस जांच में आरोपी के बैंक खाते में ठगी के दो लाख रुपये मिलने की पुष्टि हुई है।

पुलिस के अनुसार, पंचकूला निवासी शिकायतकर्ता को जनवरी 2026 में इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप के जरिए आईपीओ ट्रेडिंग में निवेश का लालच दिया गया था। आरोपियों ने खुद को एक कंपनी का कर्मचारी बताकर पीड़ित का विश्वास जीता और



उसे एक मोबाइल ऐप डाउनलोड करवाई। इसके बाद निवेश और भारी मुनाफे का झांसा देकर अलग-अलग बैंक खातों में करीब 1.37 करोड़ रुपये ट्रांसफर करवा लिए गए। जब पीड़ित को मुनाफा और आईपीओ से संबंधित जानकारी नहीं दी गई और आरोपी टालमटोल करने लगे, तब उसे ठगी का एहसास हुआ। इसके बाद पीड़ित ने साइबर हेल्पलाइन 1930 और साइबर पोर्टल पर शिकायत दर्ज करवाई। शिकायत के आधार पर साइबर क्राइम थाना में 20 फरवरी 2026 को भारतीय न्याय संहिता की धाराओं 316(2), 318(4) और 61 के तहत मामला दर्ज किया गया।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma

तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।

Contact - +91 9814295372